सार-समाचार

मौनी अमावस्या मनाई, माघ गुप्त नवरात्र आज से

जोधपुर, (कासं)। शहर में मौनी अमावस्या बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मौनी अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बना। साथ ही सिद्धि योग, श्रवण व उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का भी संयोग बना। माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को माघी अमावस्या या मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या को पवित्रता, तप और आत्मशुद्धि का प्रतीक माना गया है। प्रयागराज महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर बुधवार को हुआ। वहीं शहर में आज अन्य नदी-जलाशयों व बेरीगंगा में स्नान कर दान पुण्य किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा की। चांदपोल के बाहर मिनका नाड़ी के सरोवर किनारे मौनी अमावस्या पर कालसर्प दोष निवारण पूजन भी किया गया। प्रवक्ता भानुकुमार दवे ने बताया कि पं अशोक श्रीमाली के आचार्यात्व में पूजन कराया गया। माघ गुप्त नवरात्र की शुरुआत गुरुवार से होगी। वहीं इसका समापन सात फरवरी को होगा। देवी भागवत महापुराण में चार नवरात्रियों का उल्लेख है। जिसके अनुसार पूरे वर्ष में चार नवरात्र होती हैं, जिसमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्र होते हैं। माघ और आषाढ़ माह में गुप्त और प्रकट नवरात्र चैत्र तथा आश्विन माह की शारदीय नवरात्र होती है। कलश स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त होंगे। पहला मुहूर्त सुबह 9.25 से सुबह 10.46 बजे तक व दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 12.13 से दोपहर 12.56 बजे तक रहेगा।

रोजगार शिविर में उमड़े बेरोजगार

जोधपुर, (कासं)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय जोधपुर प्रथम पुलिया चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में किया गया। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जोधपुर के उपनिदेशक आनंद कुमार सुथार ने बताया कि शिविर में नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ व लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व महापौर घनश्याम ओझा सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। अध्यक्षता कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक प्रो. बलवीर चौधरी ने की। शिविर का उद्देश्य बेरोजगार आशार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार तथा कौशल प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। इसके लिए संभाग की लगभग 50 महाविद्यालय से 800 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रिछपाल सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में जोधपुर एवं राज्य स्तरीय उद्योग और कंपनियां के नियोक्ता मौजूद रहे।

विधायक समरजीत को ज्ञापन सौंपा

जालोर, (का.सं.)। कंप्यूटर अनुदेशक की विभिन्न मांगों को लेकर कंप्यूटर अनुदेशक संघ के लेटर हेड पर भीनमाल में कार्यरत अनुदेशकों ने भीनमाल विधायक समरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुखता से कंप्यूटर अनुदेशको का पदनाम परिवर्तन कर कंप्यूटर शिक्षक करना, कार्यों के अनुरूप वेतनमान का निर्धारण कर आवश्यक संशोधन करना तथा कैडर का विस्तार संबंधित मांगों को शामिल किया गया। ज्ञापन लेने के दौरान विधायक ने अनुदेशकों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना एवं आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को पटल पर रखने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के लिए भीनमाल में कार्यरत अनुदेशक अंकित चौधरी, अशोक विश्नोई, भजनलाल विश्नोई, नवीन सांगवान, निखिल कुमार, विक्रम जीनगर एवं पुष्पेंद्र कुमार मौजूद रहे।

त्रिवेणी संगम जल की 4500 बोतल बांटी

जोधपुर, (कासं)। रातानाडा स्थित श्री कृष्ण मंदिर में मौनी अमावस्या के उपलक्ष में दो दिवसीय त्रिवेणी संगम जल अभियान के तहत निःशुल्क त्रिवेणी संगम जल की 4500 बोतल वितरण की गई। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष इंद्रसिंह सांखला ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट और महिला मंडली की तरफ से आयोजित इस अभियान में क्षेत्र के सभी लोगों ने लाभ लिया। मंदिर पुजारी हरिभाई गोस्वामी ने बताया कि आज की इस युवा पीढ़ी में अपने धर्म के प्रति आस्था जागरूक हो रही है। पुजारी ने कुंभ की महत्ता युवाओं को समझा कर के धर्म और देश के प्रति सेवा भावना जागृत हो रही। इसी उद्देश्य से दो दिवसीय अभियान चलाया जिसमे युवा लडक़े व लड़कियों में उत्साह देखा गया।

नकली घी बेचने का आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के महामंदिर पुलिस ने नामी कंपनियों के नाम से नकली घी का कारोबार करने वाले व्यापारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी की मंडोर कृषि मंडी में दुकान पर रेड देकर भारी मात्रा में माल जब्त किया है। पुलिस ने जब्त घी तेल के सैंपल भी भरवाए। जिसमें अब अग्रिम जांच जारी है। महामंदिर पुलिस ने सोमवार को कृषि मंडी में एस ब्लॉक में आई एक ट्रेडिंग दुकान पर छापा मारकर वहां से नकली घी तेल होने के संदेह में माल को जब्त कर सीलबंद किया था। दुकानदार दिलीप नगर, लालसागर निवासी सुनील राठी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और उसे बाद में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दुकान से अलग अलग कंपनीज का घी जब्त किया था।

घरेलु गैस टंकियां व सामग्री जब्त

जोधपुर, (कासं)। शहर की प्रतापनगर सदर पुलिस ने पांचवीं रोड ईदगाह रोड पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के कारोबार को पकड़ा। दो हॉकरों को पकडऩे के साथ घरेलु गैस सिलेण्डर और अन्य सामग्री को जब्त किया गया। पुलिस ने इस बारे में ईसी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। प्रतापनगर सदर पुलिस के अनुसार पांचवीं रोड ईदगाह रोड पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस की टीम ने वहां रेड देकर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग कारोबार में लगे दो हॉकरों शेरगढ़ के भावना नगर निवासी हनुमानाराम पुत्र पांचाराम एवं बुधनगर जालेली नायला निवासी कानाराम पुत्र मादाराम विश्रोई को पकड़ा गया। पुलिस ने घटनास्थल से 101 गैस सिलेण्डर और अन्य सामगी को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ ईसी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

पैदल युवक की तलाशी में मिला अफीम

जोधपुर, (कासं)। शहर की भगत की कोठी पुलिस ने सरस्वती नगर में एक पैदल निकल रहे युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा और तलाशी ली। तलाशी में अफीम मिला। इस पर उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर 17 ग्राम अफीम बरामद किया गया। थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि पुलिस की तरफ से अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को गश्त के समय थाने की एसआई पदमा शर्मा ने सरस्वती नगर में एक निजी कॉलेज के सामने संदिज्ध निकल रहे युवक को रूकवा कर तलाशी ली। तब उसके पास से 17 ग्राम अफीम बरामद हुआ। इस पर युवक कांकाणी स्थित बूडियों की ढाणियां निवासी महेंद्र प्रताप पुत्र छोगाराम विश्रोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

मसूरिया बाबा मंदिर पर कल मनाई जाएगी माही बीज

जोधपुर, (कासं) बड़ी बीज होने के उपलक्ष मैं श्री बाबा रामदेवजी महाराज के गुरू बालीनाथ महाराज के मसूरिया स्थित में धूमधाम से मनाई जायेगी। श्री पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के सचिव नरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि 31 जनवरी को माही बीज पर प्रातः 05:00 बजे दुग्धाभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात मंदिर में भव्य फूलमंडली की जायेगी। प्रातः 06.15 बजे 51 ज्योत से मुख्य आरती की जायेगी। सांय 06.20 बजे सांयकालीन आरती की जायेगी। आरती पश्चात् 251 किलो किटी के पेड़ो का प्रसाद भक्तों में वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों के लिये दर्शन के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गयी है।

आपसी विवाद के चलत जानलेवा हमला

जोधपुर, (कासं)। झंवर स्थित रोहिलाकलां गांव की सरहद में युवक पर जानलेवा हमला कर उसकी कार को नुकसान पहुंचाया गया। आरोपियों ने कार के कांच भी फोड़ दिए। इस बारे में पीड़ित की तरफ से झंवर थाने में रिपोर्ट दी गई। झंवर पुलिस ने बताया कि सिवांची गेट सिंधियों का बास निवासी शालू पुत्र भीखे खां की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि वह अपनी कार लेकर झंवर के रोहिलाकलां गांव से निकल रहा था। तब हैदर खां आदि ने उसको रोककर जानलेवा हमला करते हुए कार के कांच फोडऩे के साथ काफी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने मामला आपसी विवाद का होना बताया है। इस बारे में अब जांच की जा रही है।

जीरो पेंडेंसी रखें व आमजन को त्वरित राहत दें : चौधरी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा बुधवार, 29 जनवरी को प्राधिकरण के उच्च अधिकारीगण की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपायुक्तगण मुकेश बारेठ, जयपाल सिंह राठौड, रामजी भाई कलबी, अदिति पुरोहित, निदेशकगण, तहसीलदारगण, अभियन्तागण सहित प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाईन सर्विसेज, राज-काज, राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, विधानसभा, सार्वजनिक भूमि संरक्षण समिति के बकाया प्रकरणों, सीएमओ व पीएमओ से प्राप्त प्रकरणों, जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों तथा रेड, पिंक व ब्ल्यू लेटर्स के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा प्रभारी अधिकारी को लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने एवं जीरो पेंडेंसी रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त चौधरी द्वारा बैठक में आमजन हेतु संचालित सेवाओं 9० ए, भवन निर्माण स्वीकृति के प्रकरणों तथा ऑनलाईन सेवाओं यथा नाम हस्तान्तरण, प्रोपर्टी आईडी जनरेशन, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र इत्यादि के लम्बित प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारण करने एवं आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही राजकाज ई-फाईलिंग की लम्बित फाइलों को शीघ्र निस्तारित करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाईम को कम से कम रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

श्रीयादे माता धाम में सात दिवसीय कथा की पूर्णाहुति

जोधपु में झालामंड स्थित श्रीयादे माता धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

जोधपुर, (कासं)। झालामंड स्थिति श्रीयादे माता धाम में आयोजित सात दिवसीय कथा की पूर्णाहुति में बुधवार को भक्तजन भावविभोर हो उठे।

श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक पंडित नन्दकिशोर महाराज (साथिनवालो) ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

उन्होंने कहा, सुदामा भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा से बार बार आठाह करने पर सुदामा मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे।सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं। जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडक़र आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण सुदामा के चरण धोते हैं। बाद से उनके कष्ट दूर करते हैं। भगवान कृष्ण का यह हम सब को संकेत है कि संकट में मित्र का सदा साथ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। गायक कलाकारों ने भजनों की सरिता बहा कर भक्तों को आनन्द सरिता में सराबोर कर दिया।

झगड़े में घायल बच्चे की मौत, दो पुलिस सरंक्षण में

जोधपुर, (कासं)। झगड़े में घायल हुए बच्चें की मंगलवार की शाम को मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

जोधपुर शहर के महामंदिर थाना क्षेत्र मानसागर पार्क के बाहर पार्किंग के फुटपाथ पर 24 जनवरी को क्रिकेट खेलने की बात पर बच्चों में विवाद हो गया था। कुछ बच्चों ने एक बच्चें पर प्लास्टिक बल्लों और स्टांप से हमला कर दिया। विवाद और झगड़ा करने वाले बच्चों के खिलाफ परिजन ने महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी थी। घटना का वीडियो भी आज वायरल हो गया और सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं।। पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद दो बालकों को सरंक्षण में लिया गया है । मृतक बच्चा सरदारदून विद्यालय में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत था।

दरअसल महामंदिर के ब्रह्मपुरी इलाके में रहने वाला 13 साल का मौलिक दवे पुत्र अमित दवे सरदारदून विद्यालय में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत था। 24 जनवरी को वह अपने घर के पीछे मानसागर पार्क के बाहर पार्किंग के फुटपाथ स्थल पर अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए पहुंचा था। तब वहां पर नजदीक के मसानिया गेट के कुछ और बच्चें भी क्रिकेट खेलने पहुंच गए। तब उनके और मौलिक दवे के बीच में वहां पर क्रिकेट खेलने की बात को लेकर विवाद हो गया। तब कुछ बच्चों ने प्लास्टिक बल्लें एवं स्टांप से मौलिक दवे से गुत्थमगुथा होते हुए हमला कर दिया।

बच्चों के बीच हो रहे झगड़े की बात मौलिक दवे के घर तक पहुंचने पर उसकी मां उसे छुड़ाकर घर ले गई। फिर वह कमरें में सोने चला गया। कुछ देर बाद ही मौलिक की सांसे फूलने लगी और मुंह से भी झाग निकलने लगा। तब उसे तत्काल एमजीएच लाया गया। यहां पर डॉक्टर ने ब्रेन हेमरेज बताते हुए इमरजेंसी पर ले लिया। उसकी पल्स भी गिर कर जीरो पर आ गई।

इसके बाद वहां पर डॉक्टर्स की तरफ से तकरीबन 15 मिनट तक उसे सीपीआर दी गई, तब उसे फिर से रिलेक्शन कर बाद में एमडीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। यहां अस्पताल लाए जाने पर भी वह कोमा जैसी स्थिति में ही था। अस्पताल में उसका ऑपरेशन भी किया गया। स्लॉट जमने के कारण उसके फैफड़ों में भी खून उतर गया। इससे इंफेक्शन हो गया। चार दिन तक जीवन मृत्यु से संघर्ष करते मौलिक की मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे के आस पास मृत्यु हो गई।

मौलिक के परिजन से मिली जानकारी के अनुसार मामले को 24 जनवरी को ही महामंदिर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। हत्या प्रयास में रिपोर्ट दी गई थी। पुलिस ने उसी दिन दो बालकों को सरंक्षण में लेकर सुधार गृह भिजवाने के साथ प्लास्टिक बल्लें और स्टांप को जब्त भी कर लिया था।

मौलिक के शव का बुधवार को एमडीएम अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। महामंदिर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

युवक की ट्रेन की चपेट से मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकट माणकलाव क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

करवड़ पुलिस ने बताया कि मेलावास हाल पुनीत नगर मंडोर निवासी पप्पूराम पुत्र जीताराम भील की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई कि उसका भाई 27 वर्षीय रामेश्वर माणकलाव में रेलवे ट्रेक से निकल रहा था। तब अचानक से आई एक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।

लोगों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया

जैसलमेर, (नि.सं.)। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत, क्लब महिंद्रा रिसॉर्ट, जैसलमेर की टीम और जिला परिवहन विभाग ने मिलकर बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरण किया। इस अवसर पर क्लब महिंद्रा के मैनेजर त्रिभुवन सिंह, ऑपरेशन मैनेजर पवन पटेल और जिला परिवहन अधिकारी टीकूराम ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और सभी से हमेशा हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने की अपील की।

क्लब महिंद्रा रिसॉर्ट अपनी (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) गतिविधियों के तहत ऐसी जागरूकता अभियानों का आयोजन करता आ रहा है। इस कार्यक्रम में क्लब महिंद्रा टीम के बलवीरसिंह, अंजयकुमार, रितेशसिंह, जावेद खान, स्विपी ठाकुर, अफजल, अली, भोपाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

पाली में महिला से रेप का आरोपी हलवाई गिरफ्तार

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक महिला से रेप करने के आरोपी हलवाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसे मेडिकल के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।

पुलिस के अनुसार पाली शहर के सदर थाने में दिसम्बर 2024 में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें 35 साल की महिला ने बताया कि वह सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में मिठाई की शॉप चलाने वाले जोधपुर जिला निवासी 31 साल के मांगूसिंह पुत्र भंवरसिंह की दुकान पर लड्डू बनाने के काम पर जाती थी।

कुछ दिन पहले आरोपी हलवाई मांगू सिंह उसे घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बिठाकर ले गया और बीच रास्ते सुनसान जगह पर उससे डरा धमकाकर रेप किया।

आरोप है कि आरोपी ने मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो भी बनाया।

वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ब्लैकमेल कर कई बार रेप किया। 21 दिसंबर 2024 को आरोपी ने डरा धमकाकर उससे फिर से रेप किया। आखिर परेशान होकर उसने सदर थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज होने पर आरोपी की तलाश शुरू की और जोधपुर जिले से उसे पकड़कर लाई। जिसे मंगलवार को मेडिकल के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका मेडिकल करवाया गया।

जैसलमेर में पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं का स्वागत

जैसलमेर, (नि.सं.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की ओर से "अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन" कार्यक्रम के निमित्त आदर्श विद्या मंदिर जैसलमेर में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता अभाविप मणिपुर प्रांत संगठन मंत्री भगवत सिंह राजावत, मुख्य अतिथि जैसलमेर योगेंद्र सिंह राठौड़, स्वागत समिति अध्यक्ष पवन कुमार सिंह भाटी एवं स्वागत समिति सचिव शरद व्यास जी शामिल हुए। मुख्य अतिथि योगेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को अलग-अलग राज्यों के बारे में प्राप्त हो रही जानकारियों से वे स्वयं तो समृद्ध होंगे ही साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों के विकास की दिशा में ये अनुभव दूरगामी सिद्ध होंगे। पूर्वोत्तर के युवाओं को शेष भारत के राज्यों से प्रत्यक्ष परिचय करने तथा सकारात्मक मूल्यों को आत्मसात करने का यह अवसर निश्चित ही उन्हें जीवन में आगे बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भगवत सिंह राजावत ने कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के माध्यम से युवाओं को भारत के अन्य राज्य की परंपरा एवं संस्कृति को जानने व समझने का अवसर प्राप्त होता है। जिला संयोजक भावेश दहिया ने बताया कि चार दिन तक यात्रा के प्रतिनिधियों ने यहां की संस्कृति, सामाजिक परिदृश्य एवं ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव किया।

कार्यक्रम में अभाविप जोधपुर प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा, बाड़मेर - जालोर विभाग संगठन मंत्री श्री पवन ऐचरा, बाड़मेर विभाग सह कार्यवाह जयंत दहिया, प्रांत संयोजक ललित दाधीच, जैसलमेर जिला प्रमुख मोतीसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

सायला पं.स. के वार्ड संख्या 22 का उप चुनाव टला

जालोर, (नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सायला को चतुर्थ श्रेणी की नगरपालिका घोषित किये जाने के कारण पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उपचुनाव कार्यक्रम में सम्मिलित पंचायत समिति सायला के वार्ड संख्या 22 में सदस्य पद के निर्वाचन को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 24 जनवरी, 2025 को घोषित उप चुनाव कार्यक्रम में सम्मिलित पंचायत समिति सायला के वार्ड संख्या 22, पूर्व ग्राम पंचायत सायला का क्षेत्र, जो वर्तमान में नगरपालिका बनाई जा चुकी है। इसलिए वर्तमान स्थिति के अनुसार पंचायत समिति सायला के वार्ड संख्या 22 पूर्व ग्राम पंचायत सायला को स्वायत शासन विभाग द्वारा 2 सितम्बर, 2024 को जारी अधिसूचना से चतुर्थ श्रेणी की नगरपालिका घोषित किये जाने के कारण इस पद के लिए उप चुनाव माह-फरवरी 2025 को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

कार्यालय नगरपालिका आहोर जिला जालोर

क्रमांकः नपाआ/2025/3022 दिनांक 28.01.2025

-: निविदा सूचना :-

अपेक्षित श्रेणी में रजिस्टर्ड फर्मों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपालिका, आहोर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्नांकित कार्य की बिड जैम पोर्टल पर ऑनलाईन की गई हैं। इच्छुक फर्म/ संस्था भाग लेना चाहे तो दिनांक 06.02.2025 तक उक्त बिड में भाग ले सकते है विस्तृत विवरण GEM PORTAL एवं sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

GEMPORTAL ID :- GEM/2025/B/5875285, 5875256, 5875357, 5875311
UBN – DLB2425GSGB15729, 30, 31, 32

क्र.सं.	कार्य का नाम	मात्रा	अनुमानित लागत राशि (लाखों में)
1	कचरा पात्र 1.1 घनमीटर	50	18.00
2	मोबाईल टॉयलेट 4 सीटर	01	6.50
3	सीवर संक्शन जेटिंग मशीन 3000 लीटर	01	9.00
4	रोड साईड डस्टबिन आयरन 80 ली. गीले व सुखे कचरे के लिये	50	7.00

राज.संवाद/सी/24/10971 अधिशाषी अधिकारी

प्रारूप – 10 (नियम 6(7) देखिये)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय :- नगर परिषद, जालोर

क्रमांक :- नपजा/कृ.भू.नि./2025/6276 दिनांकः- 24.01.2025

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृत अधिकारों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है-

क्र. सं.	आवदेक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	दस्तावेज पंजीकृत/ अपंजीकृत व दिनांक	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (वर्गगज)	आवेदित भुखण्ड का आस – पडौस	प्रयोजन
1	विमला देवी/मंछाराम श्री सोनगरा नगर, वैरागढी के पार लेटा जालोर	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक 03.06.2024	1194, 1195, 1196,	116.17	उत्तर – प्लॉट नं.21 दक्षिण – प्लॉट नं.23 पूर्व – प्लॉट नं.15 पश्चिम – कॉमन रोड 30 फीट	आवासीय
2	कंचन देवी/परसराम शर्मा रतनपुरा रोड जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 25.04.2016	4932	160.49	उत्तर – अन्य भूमि दक्षिण – प्लॉट नं.93 पूर्व – अन्य भूमि पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
3	फाउराम गुर्जर/जीमाराम रतनपुरा रोड, विनायक नगर,जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 29.08.2024	4392	166.66	उत्तर – प्लॉट नं.22 दक्षिण – प्लॉट नं.20 पूर्व – 30 फीट रोड पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
4	विजयसिंह/मोहब्बतसिंहजी राव पुराना दासपा रोड, रावो का मोहल्ला, भीनमाल जालोर	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 1.11.2021	6485/4931 6500/6486 मे से	144.38	उत्तर – अन्य भूमि दक्षिण – 30 फीट रोड पूर्व – कृषि भूमि पश्चिम – कृषि भूमि	आवासीय
5	श्रीमती निर्मला जैन/श्री भैरूमल जैन पुरा मौहल्ला खिरणी वाव	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 23.04.2009	4925,6540,4926	166.66	उत्तर – प्लॉट नं.44 दक्षिण – 40 फीट रोड पूर्व – प्लॉट नं.56 पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
6	श्रीमती निर्मला जैन/श्री भैरूमल जैन पुरा मौहल्ला खिरणी वाव	जालोर 'बी'	पंजीकृत दिनांक 23.04.2009	4925,6540,4926	166.66	उत्तर – 30 फीट रोड दक्षिण – प्लॉट नं.57 पूर्व – प्लॉट नं.45 पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
7	गौतमचन्द्र/कुयालालजी बिशनगढ रोड जालोर	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक 20.12.2024	7213/788	122.22	उत्तर – कृषि भूमि का खसरा नं.789 दक्षिण – कृषि भूमि का खसरा नं.7402/212 पूर्व – 30.48 जालोर बागोडा मैन रोड पश्चिम – कृषि भूमि का खसरा नं.790	आवासीय
8	वेलाराम/पकाराम मीणा रणछोड नगर जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3227/3101	9937.46	उत्तर – खसरा नं.3227/3101 शेष भूमि दक्षिण – खसरा नं.3227/3101 शेष भूमि पूर्व – खसरा नं.366/3226/3367/3226 पश्चिम – खसरा नं. 3066	औद्योगिक
9	वेलाराम/पकाराम मीणा रणछोड नगर जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3227/3101	10465.00	उत्तर – खसरा नं.3100 दक्षिण – खसरा नं.3227/3101 शेष भूमि पूर्व – खसरा नं.3438/3226,3439/3226/3440/3226 पश्चिम – खसरा नं.3102/3103	औद्योगिक
10	वेलाराम/पकाराम मीणा रणछोड नगर जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3227/3101	4691.36	उत्तर – खसरा नं.3227/3101 शेष भूमि दक्षिण – खसरा नं. 3227/3101 शेष भूमि पूर्व – खसरा नं. 3367/3226,3438/3326 पश्चिम – खसरा नं. 30660	औद्योगिक
11	वेलाराम/पकाराम मीणा रणछोड नगर जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3227/3101	8841.13	उत्तर – बंशीलाल जी खसरा नं.6682/1943 दक्षिण – शॉप अशोक सांखला खसरा नं.6732/6454 पूर्व – 30 फीट सामतीपुरा मैन रोड पश्चिम – श्री रेजीडेन्सी	औद्योगिक
12	टीकमाराम,नारायणलाल मोहनलाल पुत्र,पूजा,शारदा देवी पुत्रीवान् गीता पत्नि जवाराम मेघवाल	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक 15.1.2025	1943 मे से	1351.48	उत्तर – खसरा नं.2368शेष भूमि दक्षिण – लॉट नं.30 पूर्व – लॉट नं 28 पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
13	श्रीमती पवनी देवी /पत्नी जगताराम न्यू रामदेव कॉलोनी जालोर	जालोर 'ए'	अपंजीकृत दिनांक 17.01.2025	2368	138.88	उत्तर – खसरा नं.3366/3226 दक्षिण – खसरा नं.3416/3340 पूर्व – खसरा नं.3309/3101,3410/3310 पश्चिम – खसरा नं.3227/3101	आवासीय
14	ईकादेवी/पन्नालाल मीणा एवं श्रीमती गीता देवी/भीखाराम मीणा निवासी लेटा जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3226, 3365, 3226	7342.00	उत्तर – खसरा नं.3367/3226 शेष भूमि दक्षिण – खसरा नं.3416/3340 पूर्व – खसरा नं.3410/3310,3348/3101 पश्चिम – खसरा नं.3227/3101	औद्योगिक
15	ईकादेवी/पन्नालाल मीणा एवं पन्नालाल पुत्र होसारा मीणा निवासी पानी टंकी के पास लेटा जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3365, 3326, 3366, 3226	8235.00	उत्तर – खसरा नं.3440/3226 दक्षिण – खसरा नं.3365/3226 पूर्व – खसरा नं.3410/3310,3348/3101,3101 पश्चिम – खसरा नं. 3227/3101	औद्योगिक
16	ईकादेवी/पन्नालाल मीणा एवं पन्नालाल मीणा पुत्र होसाराम निवासी रणछोड नगर जालोर	जालोर 'सी'	खातेदार	3226,3367/ 3226,3438/ 3226	8164.00	उत्तर – प्लॉट नं.ए 9 दक्षिण – प्लॉट नं.ए 7 पूर्व – खसरा नं.7079/1565 पश्चिम – 30 फीट रोड	औद्योगिक
17	सायती देवी/दुदाराम जी माली वेरा पावटी जालोर	जालोर 'ए'	पंजीकृत दिनांक 8.10.2014	1996,2003 मे से	166.66	उत्तर – भुखण्ड सं.50 दक्षिण – भुखण्ड सं.47 पूर्व – भुखण्ड सं.54 पश्चिम – 30 फीट रोड	आवासीय
18	कमलादेवी/मांगीलालज